भारत सरकार

विद्‌युत मंत्रालय

....

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-2247

जिसका उत्तर 04 जुलाई, 2019 को दिया जाना है ।

सौभाग्य का कार्यान्वयन

2247. श्रीमती दिया कुमारीः

क्या **विद्‌युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना-सौभाग्य के कार्यान्वयन और कवरेज की स्थिति क्या है;

(ख) क्या उक्त योजना ने सभी राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों को कवर किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) राजस्थान राज्य में विशेषकर नागौर, पाली, अजमेर और राजसमंद जिलों में उक्त योजना के कार्यान्वयन और कवरेज की स्थिति क्या है?

उत्तर

विद्‌युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा कौशल विकास एवं उद्‌यमशीलता राज्य मंत्री

(श्री आर. के. सिंह)

(क) और (ख) : भारत सरकार ने देश में अंतिम छोर कनेक्टिविटी और ग्रामीण क्षेत्रों में सभी घरों एवं शहरी क्षेत्रों में सभी निर्धन घरों को विद्‌युत कनेक्शन प्रदान कर घरों के सार्वभौमिक विद्‌युतीकरण के लिए अक्तूबर, 2017 में प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना-सौभाग्य शुरु की थी। राज्यों द्‌वारा दी गई सूचना के अनुसार सौभाग्य स्कीम के प्रारंभ से 2.63 करोड़ घरों का विद्‌युतीकरण कर दिया गया है। ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(ग) : राजस्थान सरकार ने पहले सौभाग्य पोर्टल पर स्थिति को अद्‌यतन किया था कि राज्य में सभी इच्छुक घरों का 31.03.2019 तक विद्‌युतीकरण कर दिया है। तथापि राज्य सरकार ने अब दिनांक 10.06.2019 के पत्र द्‌वारा सूचित किया है कि 1.56 लाख घर गैर-विद्‌युतीकृत हैं और विद्‌युत कनेक्शन लेने के इच्छुक हैं।

राजस्थान सरकार द्‌वारा दी गई सूचना के अनुसार नागौर, पाली, अजमेर एवं राजसमंद जिलों में सौभाग्य के कार्यान्वयन की स्थिति निम्नानुसार है:

क्र. सं.	**जिले का नाम**	**लक्षित घरों की संख्या**	**उपलब्धि-घरों की संख्या**
1.	नागौर	22167	21467
2.	पाली	3472	3472
3.	अजमेर	1292	1104
4.	राजसमंद	539	335

****

<u>अनुबंध</u>

लोक सभा में दिनांक 04.07.के उत्तर में (ख) और (क) के भाग 2247 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 2019 उल्लिखित अनुबंध।

****

सौभाग्य की शुरूआत से विद्युतीकृत घर)31.03.2019 की स्थिति के अनुसार(

क्रम सं.	राज्य	कुल विद्युतीकृत घर
1	आंध्र प्रदेश	181,930
2	अरुणाचल प्रदेश	47,089
3	असम	1,745,149
4	बिहार	3,259,041
5	छत्तीसगढ़	749,397
6	गुजरात	41,317
7	हरियाणा	54,681
8	हिमाचल प्रदेश	12,891
9	जम्मू और कश्मीर	387,501
10	झारखंड	1,530,708
11	कर्नाटक	356,974
12	मध्य प्रदेश	1,984,264
13	महाराष्ट्र	1,517,922
14	मणिपुर	120,748
15	मेघालय	199,839
16	मिजोरम	27,970
17	नागालैंड	132,507
18	ओडिशा	2,452,444
19	पुडुचेरी	912
20	पंजाब	3,477
21	राजस्थान	1,862,736
22	सिक्किम	14,900
23	तमिलनाडु	2,170
24	तेलंगाना	515,084
25	त्रिपुरा	139,090
26	उत्तर प्रदेश	7,980,568
27	उत्तराखंड	248,751
28	पश्चिम बंगाल	732,290
	कुल	**26,284,350**

****